प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 01.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

देश में डिजिटल इंडिया पहल को दस साल पूरे हो गये है। डिजिटल इंडिया ने देश के आम नागरिकों को तकनीक से जोड़ा है जिससे लोगों का जीवन और भी सरल बना है। साथ ही सुदूर इलाकों में इंटरनेट की पहुंच बढ़ी है और सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हो पाई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर एक ब्लॉग में कहा है कि भारत में 5–जी सेवा की शुरुआत दुनिया में सबसे तेज गति से हुई है। यहां केवल दो वर्षों में चार करोड 81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यूपीआई के माध्यम से हर साल सौ बिलियन से ज्यादा लेन–देन हो रहे हैं और वैश्विक स्तर पर लगभग आधे वास्तविक समय के डिजिटल लेन–देन अब भारत में होते हैं।

0000

प्रदेशभर में दस्त रोग की रोकथाम और उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए आज से स्टॉप डायरिया कैंपेन शुरू हुआ। 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के दौरान पीने के साफ पानी के उपयोग और स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही कैम्पेन के दौरान आशा सहयोगिनियां पांच वर्ष से छोटे बच्चों को घर घर जाकर ओआरएस पैकेट और जिंक की गोलियां बांटेगी। जैसलमेर में अभियान की शुरूआत गफूर भट्टा में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर से हुई। इस दौरान बच्चों को ओआरएस के पैकेट बांटे गए। अभिभावकों को अभियान के उद्देश्य और महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

0000

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल आज श्रीगंगानगर जिले के दौरे पर है। अपने एक दिन के प्रवास के दौरान श्री मेघवाल अनूपगढ पंहुचे। वे किसानों के साथ संवाद करेंगे। साथ ही पीएम श्री बालिका विद्यालय में सुविधाओं का जायजा लेंगे। श्री मेघवाल अनूपगढ व्यापार मंडल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। उनका वहां कई विकास कार्यो का उद्घाटन और अनूपगढ रेल्वे स्टेशन के दौरे का भी कार्यक्रम है। इसके बाद कानून मंत्री श्रीगंगानगर में जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

0000

आज नेशनल डॉक्टर्स डे है। ये दिन प्रमुख चिकित्साविद डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य चिकित्सकों की भूमिका का सम्मान करना है। इस साल की थीम ''मुखौटे के पीछे–उपचार करने वालों को कौन ठीक करता है'' रखी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर सभी मेहनती डॉक्टरों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारत के स्वास्थ्य सेवा ढांचे को सशक्त बनाने में डॉक्टरों का योगदान वास्तव में असाधारण है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की बधाई दी है। आज चार्टेड अकाउन्टेट्स दिवस भी मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण योगदान है।

0000

श्रीगंगानगर में आज सुबह घड़साना–अनूपगढ लेघा फिलिंग स्टेशन के पास एक सड़क हादसे में एक युवक और 50 भेड़ों की मृत्यु हो गई। वहीं दो अन्य व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। ये दुर्घटना तब हुई जब एक तेज रफ्तार ट्रक इन सभी को कुचलकर फरार हो गया। पुलिस ट्रक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

0000

प्रदेश में आज विभिन्न स्थानों पर बरसात हो रही है। अलवर में सुबह तेज बरसात हुई। इससे निचले इलाकों में पानी भर गया।घाटला रेल्वे स्टेशन के पास रेल की पटरी के नीचे मिट्टी धसने से रेल यातायात प्रभावित रहा। कोटपूतली–बहरोड़ में भी आज सुबह तेज बारिश हुई। राजधानी जयपुर में बादल छाये हुए है। सवाईमाधोपुर और करौली में भी रिमझिम बरसात हुई। मौसम विभाग ने आज भरतपुर, अलवर, दौसा, करौली और सवाईमाधोपुर जिलों में आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर कहीं–कहीं भारी बरसात हो सकती है। जयपुर, झुंझुनूं, सीकर, धौलपुर, टोंक, बूंदी, बारां, कोटा, और झालावाड में हल्की से मध्यम बरसात की संभावना है।

00000

प्रदेश में डेढ महीने की गर्मी की छुट्टियों के बाद आज से स्कूल फिर से खुल गये है। विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। आज पहले दिन विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह नजर आया। वहीं शिक्षकों में भी उल्लास और उमंग की झलक दखने को मिली। इसके साथ ही विद्यालयों में प्रवेशोत्सव भी शुरू हो

गया है। नये विद्यार्थियों का स्कूलों में एडमिशन किया जा रहा है। साथ ही घर–घर जाकर भी नामांकन के लिए संपर्क किया जा रहा है।

00000